मासिक पत्रिका आठवाँ अंक




C L E A N R A M P U R

EDUCATED RAMPUR

# e पत्रिका

माह **Oct.** 2016

## नगर पालिका परिषद, रामपुर उत्तर प्रदेश

प्रकाशक :–
- सन्तोष कुमार मिश्र

सम्पादक मण्डल:–
- मोहम्मद सईद
- मोद नारायण झा
- इरषाद हुसैन
- सिब्तेनबी खां
- मन्जूर अली नकवी
- अज़ीमुषषान

G R E E N R A M P U R



# अधिशासी अधिकारी की कलम से

## विषय वस्तु

01– जलकल अनुभाग

02– स्वास्थ्य अनुभाग

03– पथ प्रकाश अनुभाग

04– कर एवं सम्पत्ति अनुभाग

05– लेखा अनुभाग

06– ई–गर्वेनैस


07– प्रस्तावित निर्माण कार्य



*शरद ऋतु का प्रारम्भ हो चुका है। वातावरण में परिवर्तन के साथ विभिन्न प्रकार की बीमारियां जन्म लेती है। नगर पालिका द्वारा पूरे शहर में दवा का छिड़काव कराया जा रहा है ताकि मच्छर आदि जन्म न लें सके। आपसे भी अनुरोध है कि वातवरण को स्वच्छ बनाये रखने में अपना योगदान दें। गन्दगी हम सभी के द्वारा ही फैलायी जाती है अतः इसे स्वच्छ रखने की ज़िम्मेदारी भी हमारी ही है। आप सभी से निवेदन है कि दीवाली पर पटाखे छुड़ाते समय सतर्कता बरतें एवं सुरक्षित तरीके से त्यौहार का आनन्द लें। आप लोगो को दीपावली की शुभकामनाएं।*

e–पत्रिका एक माध्यम है आपसे जुडने का, नगर पालिका के किये गये कार्यों को आप तक पहुँचाने का और आपके विचारों को जानने का ताकि आपकी समस्याओं और विचारों से रूबरू हों शहर की आवश्यकता के अनुकूल सेवाएं प्रदान कर सकें।

हम आपसे अपेक्षा रखते है कि आप अपने सुझाव हमें दूरभाष, e-mail अथवा पत्र के माध्यम से आवष्य भेजेगें। स्वच्छता से सम्बन्धित अपनी शिकायतें आप http://swachh.city पर भेज सकतें है।







- **पेयजल व्यवस्था** :–नगर पालिका परिषद रामपुर के जलकल विभाग द्वारा पेयजल की व्यवस्था को बनाये रखते हुये माह सितम्बर, 2016 में 127 लीकेज मरम्मत किये गये, 81 इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प–2 की मरम्मत का कार्य कराया गया है, 35 नलकूपों का संचालन आउट सोर्सिंग के माध्यम से एवं 04 नलकूपों का संचालन विभागीय कर्मचारियों से कराया गया। उक्त के अतिरिक्त 04 नग सीवर शम्पवैलों का संचालन ठेके प्रथा से एवं 05 सीवर योजनाओं का मेन्टीनैन्स कार्य आउट सोर्सिंग से कराया गया है। प्रायः आवश्यकता पड़ने पर बहुत से सार्वजनिक प्रोग्रामों में, अथवा सामाजिक–धार्मिक पर्वो के आयोजन में टैंकर के माध्यम से जनता को पेयजल उपलब्ध कराया गया है। क्लोरिनेशन हेतु टीम गठित कर सभी नलकूपों पर क्लोरीन उपलब्ध करायी जा रही है किसी भी नलकूप से कोई खराबी अथवा फाल्ट की शिकायत प्राप्त होने पर उसे तत्परता से तत्काल ठीक कराया गया। सूक्ष्म प्रकृति के किसी फाल्ट को सही करने हेतु 02 विभागीय इलेक्ट्रिीशियन कार्यरत हैं जो तत्काल शिकायत का निस्तारण करते हैं। 06 कर्मियों की टीम आउट सोर्सिंग से कार्यरत है किसी भी मोटर पम्प के खराब होने पर उसे बोर से निकालकर उसमें दूसरे मोटर पम्प लोरिंग कर 24 घण्टे के अन्दर नलकूप चालू कर दिया जाता है। नगर पालिका द्वारा जल वितरण सेवा को सुदृढ बनाने के लिये समस्त शहरवासियों से अपील की जाती है कि वह अपने जल कनेक्शन का पंजीकरण अवश्य करायें। वर्ष 2015–2016 की अमृत योजना में स्वीकृत जल विस्तार परियोजना का कार्य जल निगम द्वारा शीघ्र ही प्रारम्भ किया जा रहा है।









- <u>नगर स्वास्थ्य विभाग</u> :– नगर स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद, रामपुर द्वारा माह सितम्बर, 2016 में नागरिको को मच्छरो से होने वाली भयंकर बीमारियों से बचाव हेतु रोस्टर बनाकर सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में पूरे माह फौगिंग करायी गयी, जो कि रोस्टर अनुसार जारी है। स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अर्न्तगत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलवाया गया इसके अतिरिक्त रोस्टर बनाकर सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में साप्ताहिक सफाई अभियान भी चलवाया जाता है तथा नगर क्षेत्र की मलीन बस्तियो का चयन कर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।
- ‘‘स्वच्छ भारत मिशन’’ कार्यक्रम के अर्न्तगत घरेलू स्वच्छ शौचालय बनवाने हेतु ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों में से 171 आवेदनों का भौतिक सत्यानप कराने के उपरान्त स्वीकृत कर लिया गया है एवं लाभार्थियों के खातों में 50 प्रतिशत धनराशि हतानान्तरित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।
- इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र के समस्त डलाव घरों से प्रतिदिन प्रातः व सायं के समय कूड़ा उठवा कर पालिका के ट्रंचिग ग्राउण्ड पर डलवाया जाता है और डलाव घरों पर मैलाथियान डस्ट (कीट नाषक) का छिड़काव भी कराया जाता है।









**कर विभागः–** कर विभाग द्वारा लक्ष्य के अनुरूप कर वसूली का कार्य किया जा रहा है और 90 प्रतिशत बिलिंग व कर वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये कार्य योजना विभाग द्वारा बनाई जा रही है।

E-governance :- नगर पालिका परिषद द्वारा जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र ऑन लाईन जारी किया जा रहा है एंव जन शिकायतो का निस्तारण आई0 जी0 आर0एस0 के माध्यम से ऑन लाईन किया जा रहा है। शीघ्र ही ऑन लाईन सम्पत्ति कर व जल कर का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

